AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : स्नातक प्रवेश परीक्षा 22 से 28 तक

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने नए सत्र 2022-23 के लिए स्नातक प्रवेश परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम रविवार को जारी कर दिया। इसके अनुसार प्रवेश परीक्षा 22 से 28 अगस्त तक होंगी। वहीं, स्नातक परिणाम आने के बाद परास्नातक कोर्सों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जाएगा। हालांकि विवि प्रशासन ने अभी स्नातक और परास्नातक प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 12 अगस्त तक बढ़ा दी है।

विवि प्रशासन नए सत्र के लिए मार्च से ही प्रवेश आवेदन प्रक्रिया शुरू कर चुका है, लेकिन विभिन्न बोर्डों के इंटर के परिणाम न आने के कारण विवि को कई बार प्रवेश आवेदन प्रक्रिया को आगे बढ़ाना पड़ा है। वहीं, जेईई मेन व सीयूईटी की वजह से भी विवि को प्रवेश परीक्षा अगस्त के तीसरे सप्ताह में आयोजित करने का निर्णय लिया है। विवि में स्नातक की 4450 से अधिक सीटें हैं। इनके लिए काफी संख्या में आवेदन आए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा 22 को छोड़कर अन्य दिनों में परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगी।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि प्रवेश पत्र 18 अगस्त तक जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थी अपनी लॉगिन-पासवर्ड से इसे डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा केंद्र सिर्फ लखनऊ में बनाए जाएंगे। केंद्र भी जल्द जारी किए जाएंगे। बीएनवाईएस, बीवोक, बीए-बीएससी योगा की परीक्षा तिथि जल्द जारी कर दी जाएगी। विद्यार्थी अपडेट जानकारी विवि की वेबसाइट से ले सकते हैं।

विवि ने जारी किया परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम

12 अगस्त तक बढ़ाई प्रवेश आवेदन की तिथि

जानिए कब किसकी प्रवेश परीक्षा

कोर्स	परीक्षा तिथि	समय
बीएससी एजी	22 अगस्त	सुबह 11 से 12.30 बजे तक
बीजेएमसी	23 अगस्त	सुबह 11 से 12.30 बजे तक
बीवीए-बीएफए	23 अगस्त	दोपहर 03 से 4.30 बजे तक
बीएलएड	24 अगस्त	सुबह 11 से 12.30 बजे तक
बीएससी बायो	24 अगस्त	दोपहर 03 से 4.30 बजे तक
डीफार्मा	25 अगस्त	सुबह 11 से 12.30 बजे तक
बीए	25 अगस्त	दोपहर 03 से 4.30 बजे तक
बीसीए	26 अगस्त	सुबह 11 से 12.30 बजे तक
बीएससी मैथ्स	26 अगस्त	दोपहर 03 से 4.30 बजे तक
एलएलबी फाइव ईयर	27 अगस्त	सुबह 11 से 12.30 बजे तक
बीबीए	27 अगस्त	दोपहर 03 से 4.30 बजे तक
बीकॉम	28 अगस्त	सुबह 11 से 12.30 बजे तक
बीकॉम ऑनर्स	28 अगस्त	दोपहर 03 से 4.30 बजे तक

HINDUSTAN PAGE 4

एमएससी प्रथम सेमेस्टर परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने रविवार देर शाम एमएसएसी गणित प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। छात्र परीणाम का इंतजार कर रहे थे। छात्र-छात्राएं परिणाम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के रिजल्ट सेक्शन में जाकर देख सकते हैं।

एलयू: नए सत्र की प्रवेश परीक्षा 22 अगस्त से

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2022-23 स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी है। विश्वविद्यालय की चार हजार सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा 22 अगस्त से 28 अगस्त तक होगी। विश्वविद्यालय में स्नातक के लिए आवेदन 12 अगस्त किए जा सकते हैं। स्नातक के 13 पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश लिए जाएंगे। जिसकी आवेदन प्रक्रिया जारी है। पहले दिन बीएससी (एग्रीकल्चर) की परीक्षा 22 अगस्त सुबह 11 से 12.30 बजे तक होगी। अन्तिम दिन 28 अगस्त को बीकॉम ऑनर्स के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा में छात्रों को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 90 मिनट का समय मिलेगा।

100 सवालों के मिलेंगे 200 अंक

लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा एमसीक्यू (बहुविल्पीय प्रश्न पत्र प्रणाली) पर आधारित होगी। स्नातक की प्रवेश परीक्षा में प्रत्येक दो अंक का एक सवाल होगा। 200 अंकों की परीक्षा में 100 प्रश्न पूछे जाएंगे।

सिलेबस जारी

- बीए- हिन्दी, अंग्रेजी भूगोल, इतिहास, नागरिक शास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र विषयों के (12 वीं स्तर) के सवाल होंगे
- बीकॉम- मानसिक क्षमता, कामर्स, अकाण्टिंग, कर्मिशियल मैथ, अर्थशास्त्र, कम्प्यूटर विषयों के (12 वीं स्तर) के सवाल होंगे
- बीएससी गणित- फिजिक्स, केमेस्ट्री, गणित, विषयों के (12 वीं स्तर) के सवाल, मानसिक क्षमता एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन
- बीएससी बायोलॉजी- केमेस्ट्री, बॉटनी, जूलॉजी, विषयों के (12 वीं स्तर) के सवाल

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम

22 अगस्त: बीएससी एग्रीकल्चर- सुबह 11 से 12.30
23 अगस्त: बीजेएमसी- सुबह 11 से 12.30
23 अगस्त: बीवीए-बीएफए- दोपहर तीन से 4.30
24 अगस्त: बीएलएड- सुबह 11 से 12.30
24 अगस्त: बीएससी बायोलॉजी- दोपहर तीन से 4.30
25 अगस्त: डी-फार्मा- सुबह 11 से 12.30, बीए- दोपहर तीन से 4.30
26 अगस्त: बीसीए-सुबह 11 से 12.30, बीएससी गणित- दोपहर तीन से
27 अगस्त: एलएलबी पांच वर्षीय- सुबह 11 से 12.30
27 अगस्त: बीबीए- दोपहर तीन से 4.30
28 अगस्त: बीकॉम- सुबह 11 से 12.30, बीकॉम आनर्स- दोपहर तीन से

JAGRAN CITY PAGE III

22 से होंगी स्नातक प्रवेश परीक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी की 2022-23 की संभावित परीक्षाओं की तिथि

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय वर्ष 2022-23 की स्नातक प्रवेश परीक्षाएं आगामी 22 से 28 अगस्त तक आयोजित करेगा। रविवार को विश्वविद्यालय ने संभावित परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी। प्रवेश परीक्षा की शुरुआत बीएससी एग्रीकल्चर कोर्स से होगी।

लवि में स्नातक व परास्नातक सहित सभी कोर्सों में आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाकर 12 अगस्त कर दी गई थी। अब स्नातक प्रवेश परीक्षा का संभावित कार्यक्रम जारी किया है। प्रवेश परीक्षाएं सात दिन तक चलेंगी। बीएससी एग्रीकल्चर को छोड़कर अन्य सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं रोजाना दो पालियों में आयोजित की जाएंगी।

18 अगस्त से डाउनलोड होंगे प्रवेश पत्र: विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 18 अगस्त तक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी अपने लागइन पासवर्ड के जरिए उससे डाउनलोड कर सकेंगे। गौरतलब है कि स्नातक पाठ्यक्रमों की 4457 सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे। इनमें 442 सीटें ईडब्ल्यूएस कोटे की हैं।

लवि और कालेजों को बनाया जाएगा केंद्र : प्रवेश समन्वयक ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के अलावा आवेदन की संख्या के आधार पर कालेजों को भी केंद्र बनाया जाएगा। सभी केंद्र लखनऊ में ही रहेंगे। उन्होंने बताया कि बैचरल आफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज (बीएनवाइएस), बीवोक, शास्त्री व बीए-बीएससी योग पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

प्रवेश परीक्षा के लिए 90 मिनट मिलेगा समय: लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2022-23 की स्नातक प्रवेश परीक्षा का पैटर्न भी तय हो चुका है। करीब 15 पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्नर (आब्जेक्टिव) के प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा में कुल 100 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। इस बार भी निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए 90 मिनट का समय दिया जाएगा।

प्रवेश परीक्षा की तिथियां

तिथि	पाठ्यक्रम	समय
22 अगस्त	बीएससी एग्रीकल्चर	11 से 12.30 बजे
23 अगस्त	बीजेएमसी	11 से 12.30 बजे
23 अगस्त	बीवीए, बीएफए	3 से 4.30 बजे
24 अगस्त	बीएलएड	11 से 12.30 बजे
24 अगस्त	बीएससी बायोलाजी	3 से 4.30 बजे
25 अगस्त	डीफार्मा	11 से 12.30 बजे
25 अगस्त	बीए	3 से 4.30 बजे
26 अगस्त	बीसीए	11 से 12.30 बजे
26 अगस्त	बीएससी मैथमैटिक्स	3 से 4.30 बजे
27 अगस्त	एलएलबी (पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड)	11 से 12.30 बजे
27 अगस्त	बीबीए	3 से 4.30 बजे
28 अगस्त	बीकाम	11 से 12.30 बजे
28 अगस्त	बीकाम आनर्स	3 से 4.30 बजे

सख्ती का दिखने लगा असर

जागरण संवाददाता, लखनऊ : डा. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) और संबद्ध कालेजों में संचालित सम सेमेस्टर (स्नातक और परास्नातक) की परीक्षा शुरू हो चुकी है। पूरे प्रदेश में 123 केंद्रों पर यह परीक्षा चल रही है। कई साल के बाद विश्वविद्यालय ने इस परीक्षा में नकल पर नकेल कसने के लिए सख्त दस्ते को लगाया है। जिसकी वजह से परीक्षा के पहले दिन ही अलग- अलग केंद्रों से 40 नकलची पकड़े जा चुके हैं। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा में दिए गए सख्ती का असर केंद्रों पर दिखने लगा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके मिश्र का कहना है कि परीक्षा को पारदर्शी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। सीसी कैमरे लगाने के साथ सख्त दस्ते भी लगाए गए हैं। परीक्षा को सही तरीके से कराने के लिए ये प्रयास किए गए हैं।

अच्छे प्राइवेट कालेजों को मिलेगा मौका

कुलपति प्रो. मिश्र ने बताया कि एकेटीयू आनलाइन मूल्यांकन की प्रक्रिया में भी सुधार कर रहा है। मूल्यांकन की प्रक्रिया तेजी से हो। इसके लिए मूल्यांकन केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है। इसमें जो भी प्राइवेट अच्छे कालेज हैं, उन कालेजों को मूल्यांकन से जोड़ा जा रहा है।

लवि के मेधावियों के लिए इन्फोसिस का 'रेड कार्पेट'

पुष्पक त्रिपाठी • लखनऊ

- नैक से ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने के बाद बढ़ी अहमियत
- मल्टी नेशनल कंपनियों की लवि के डिग्रीधारकों पर नजर

लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) प्रगति की राह पर चल पड़ा है। देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों ने लखनऊ विश्वविद्यालय के मेधावियों के लिए 'रेड कार्पेट' बिछा दिए हैं। अब अलग-अलग सेक्टर की विभिन्न कंपनियां अब खुद विश्वविद्यालय कैंपस में मेधावियों का चयन करेंगी। ग्लोबल स्टैंडर्ड साफ्टवेयर कंपनी इन्फोसिस समेत कई अन्य कंपनियों ने तो पहल भी कर दी है। कंपनी की ओर से विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र भी भेजा गया है। यह सब लवि के नैक ए प्लस प्लस ग्रेड पाने का परिणाम है।

पहले विश्वविद्यालय को इन कंपनियों से कैंपस आने के लिए गुजारिश करनी पड़ती थी। अब इन कंपनियों ने खुद विश्वविद्यालय का रुख करना शुरू कर दिया है। नैक ग्रेडिंग के बाद देश विदेश की टाप मल्टी नेशनल कंपनियां कैंपस आने के लिए बेताब हैं।

इन कंपनियों ने किया संपर्क : अब तक विश्वविद्यालय प्रशासन से इन्फोसिस, अमेजन की एलेग्जा, एसेंचर समेत कई कंपनियों ने संपर्क किया है। कंपनी प्रतिनिधि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को शानदार पैकेज देने के लिए टेटा भी जुटा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अनुमति देते ही जल्द ये कंपनियां खुद कैंपस में नजर आएंगी।

> इन्फोसिस कंपनी की ओर से हमें पत्र भी आ गया है। अमेजन ने भी संपर्क किया है। कंपनियां अक्टूबर-नवंबर में चयन प्रक्रिया शुरू करती हैं, तब तक बड़ी संख्या में मल्टी नेशनल कंपनियों के कैंपस आने की उम्मीद है। इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। निश्चित तौर पर छात्र-छात्राओं को अच्छी जाब के साथ शानदार पैकेज मिलेगा।
> **-प्रो. आलोक कुमार राय**, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय।

आइटी कालेज : बदलेगी प्रवेश परीक्षा की तिथि

- छह और सात अगस्त को प्रस्तावित है कालेज में प्रवेश परीक्षा
- लवि ने भी पांच और छह अगस्त को राष्ट्र गौरव की परीक्षा तय कर दी है

जागरण संवाददाता, लखनऊ : शहर के प्रमुख कालेजों में शामिल आइटी कालेज स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा की तिथि में बदलाव करेगा। अभी तक छह और सात अगस्त को तिथि प्रस्तावित की है, लेकिन अब लखनऊ विश्वविद्यालय ने पांच और छह अगस्त को राष्ट्र गौरव एवं एनवायरमेंट स्टडीज विषय की परीक्षा तय कर दी है। ऐसे में छह अगस्त की तिथि में बदलाव हो सकता है।

कालेज की प्राचार्या डा. वी. प्रकाश ने बताया कि बीए में सेल्फ फाइनेंस मिलाकर कुल 580 सीटें हैं। वहीं, बीएससी में 440, बीएससी होम साइंस में 60 व बीएनआइएससी की 30 सीटें हैं। इनमें आवेदन की तिथि दो अगस्त तक है। अब तक बीए में 800, बीकाम 800 और बीएससी में 700 आवेदन आ चुके हैं। दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि छह अगस्त की प्रवेश परीक्षा वाली तिथि में बदलाव होगा क्योंकि उस दिन राष्ट्रगौरव की परीक्षा है। जल्द ही नई तिथि जारी की जाएगी।

महिला कालेज में केंद्रीयकृत व्यवस्था से प्रवेश : महिला महाविद्यालय में इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीयकृत व्यवस्था के तहत दाखिले लिए जाएंगे। प्राचार्या निशा गुप्ता ने बताया कि बीए में 900, बीकाम 160 और बीएससी में 480 सीटें हैं। विश्वविद्यालय की ओर से काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिए जाएंगे। इसके अलावा सीधे तौर पर भी पंजीकरण का भी सुविधा है। उन्होंने बताया कि इस सत्र से पीजी में चार, दो प्रोफेशनल और स्नातक में दो विषय शुरू की जाएंगे।

महामाया राजकीय महाविद्यालय में सीधे दाखिले: महौना स्थित इस कालेज में स्नातक पाठ्यक्रमों में सीधे दाखिले की सुविधा दी गई है। कालेज की शिक्षिका डा. सुरंगमा यादव ने बताया कि बीए 420, बीएससी 120 व बीकाम की 60 सीटों पर 15 अगस्त तक आवेदन के साथ-साथ अभ्यर्थी सीधे प्रवेश ले सकते हैं।

भाषा विश्वविद्यालय में अब काउंसलिंग की तैयारी

ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती लैंग्वेज यूनिवर्सिटी (केएमसी) में स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी। विश्वविद्यालय ने आनलाइन आवेदन की तिथि नहीं बढ़ाई है। अब काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। साथ ही प्रवेश की प्रक्रिया भी चलती रहेगी। केएमसी में बीए, बीएससी, बीसीए, बीएआर, बीटेक, एमए, एमसीए, पत्रकारिता, सर्टिफिकेट आदि कोर्स में प्रवेश लिए जाएंगे। इसमें बीटेक, एमटेक, एमबीए में प्रवेश परीक्षा होगी। अन्य पाठ्यक्रमों में मेरिट से प्रवेश होंगे।

PIONEER PAGE 3

एलयू में दाखिले के लिए स्नातक प्रवेश परीक्षा 22 अगस्त से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने रविवार को शैक्षिक सत्र 2022-23 के अंतर्गत स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि घोषित कर दी है। प्रवेश परीक्षा 22 अगस्त से 28 अगस्त के बीच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराई जायेगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्र 18 अगस्त से एडमिट कार्ड लॉगिन आईडी और पासवर्ड के जरिए डाउनलोड कर सकते हैं।

विवि प्रशासन के मुताबिक प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र लखनऊ ही रहेगा। प्रवेश परीक्षा के लिए जारी संभावित तिथि के अनुसार 22 अगस्त को बीएससी एग्रीकल्चर की परीक्षा सुबह 11 बजे से 12.30 बजे के बीच होगी। 23 अगस्त को बीजेएमसी की परीक्षा सुबह 11 बजे से 12.30 बजे के बीच होगी। 23 अगस्त को ही बीवीए/बीएफए की पपरीक्षा शाम 3 बजे से 4.30 बजे के बीच होगी। 24 अगस्त को सुबह 11 बजे से 12.30 बजे के बीच बैचलर आफ एलीमेंटरी एजुकेशन और शाम को 3 बजे से 4.30 बजे के बीच बीएससी बायलॉजी की परीक्षा होगी। 25 अगस्त के सुबह 11 बजे से 12.30 बजे के बीच डीफार्मा और शाम को 3 बजे 4.30 बजे के बीच बीए की प्रवेश परीक्षा होगी। 26 अगस्त को सुबह 11 बजे से 12.30 बजे के बीच बीसीए और शाम को 3 बजे से 4.30 बजे के बीच बीएससी मैथमेटिक्स की परीक्षा होगी। 27 अगस्त को सुबह 11 बजे से 12.30 बजे के बीच एलएलबी ऑनर्स और शाम 3 बजे से 4.30 बजे के बीच बीबीए की परीक्षा होगी। 28 अगस्त को सुबह 11 बजे से 12.30 बजे के बीच बीकॉम और शाम को 3 बजे 4.30 बजे के बीच बीकॉम आनर्स की परीक्षा होगी।

i-NEXT PAGE 4

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने जारी की संभावित एग्जाम की डेट

एलयू के एंट्रेंस एग्जाम 22 से

i UPDATE

स्नातक प्रवेश परीक्षाएं आगामी 22 से 28 अगस्त तक होंगी

LUCKNOW (31 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी वर्ष 2022-23 की स्नातक प्रवेश परीक्षाएं आगामी 22 से 28 अगस्त तक आयोजित करेगा. रविवार को विश्वविद्यालय ने संभावित परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी. प्रवेश परीक्षा की शुरुआत बीएससी एग्रीकल्चर कोर्स से होगी. एलयू में स्नातक व परास्नातक सहित सभी कोर्सों में ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाकर 12 अगस्त कर दी गई थी. अब स्नातक प्रवेश परीक्षा का संभावित कार्यक्रम जारी किया है. प्रवेश परीक्षाएं सात दिन तक चलेंगी. बीएससी एग्रीकल्चर को छोड़कर अन्य सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं रोजाना दो पालियों में आयोजित की जाएंगी.

एलयू और अन्य कॉलेज भी बनेंगे सेंटर

प्रवेश समन्वयक ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के अलावा आवेदन की संख्या के आधार पर कालेजों को भी केंद्र बनाया जाएगा. सभी केंद्र लखनऊ में ही रहेंगे. उन्होंने बताया कि बैचरल आफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज (बीएनवाइएस), बीवोक, शास्त्री व बीए-बीएससी योग पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा तिथि बाद में घोषित की जाएगी.

एग्जाम डेट

तिथि	पाठ्यक्रम	समय
22 अगस्त	बीएससी एग्रीकल्चर	11 से 12.30 बजे
23 अगस्त	बीजेएमसी	11 से 12.30 बजे
23 अगस्त	बीवीए, बीएफए	3 से 4.30 बजे
24 अगस्त	बीएलएड	11 से 12.30 बजे
24 अगस्त	बीएससी बायोलाजी	3 से 4.30 बजे
25 अगस्त	डीफार्मा	11 से 12.30 बजे
25 अगस्त	बीए	3 से 4.30 बजे
26 अगस्त	बीसीए	11 से 12.30 बजे
26 अगस्त	बीएससी मैथमैटिक्स	3 से 4.30 बजे
27 अगस्त	एलएलबी (5 वर्षीय इंटीग्रेटेड)	11 से 12.30 बजे
27 अगस्त	बीबीए	3 से 4.30 बजे
28 अगस्त	बीकाम	11 से 12.30 बजे
28 अगस्त	बीकाम आनर्स	3 से 4.30 बजे

18 अगस्त से डाउनलोड होंगे एडमिट कार्ड

यूनिवर्सिटी के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 18 अगस्त तक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे. अभ्यर्थी अपने लागइन पासवर्ड के जरिए उससे डाउनलोड कर सकेंगे. गौरतलब है कि स्नातक पाठ्यक्रमों की 4457 सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे. इनमें 442 सीटें ईडब्ल्यूएस कोटे की हैं.

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि : हाई मेरिट पर होंगे प्रवेश

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय 22 से 28 अगस्त तक स्नातक प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करेगा। रविवार को परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। परीक्षा की शुरुआत बीएससी एग्रीकल्चर कोर्स से होगी। विवि में स्नातक व परास्नातक सहित अन्य कोर्सों में आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाकर 12 अगस्त कर दी गई है। हालांकि इस बार हाई मेरिट के आधार प्रवेश होंगे। बीएससी एग्रीकल्चर को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं रोज दो पालियों में होंगी। विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 18 अगस्त तक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी लॉगिन पासवर्ड के जरिए उससे डाउनलोड कर सकेंगे। इस बार प्रवेश के लिए कई गुना आवेदन स्नातक पाठ्यक्रमों की 4457 सीटों आये हैं।

ये हैं प्रवेश परीक्षा की तिथियां

22 अगस्त	बीएससी एग्रीकल्चर- 11 से 12.30 बजे
23 अगस्त	बीजेएमसी - 11 से 12.30 बजे
23 अगस्त	बीवीए, बीएफए - 3 से 4.30 बजे
24 अगस्त	बीएलएड -11 से 12.30 बजे
24 अगस्त	बीएससी बायोलाजी - 3 से 4.30 बजे
25 अगस्त	डीफार्मा - 11 से 12.30 बजे
25 अगस्त	बीए - 3 से 4.30 बजे
26 अगस्त	बीसीए - 11 से 12.30 बजे
26 अगस्त	बीएससी मैथमैटिक्स - 3 से 4.30 बजे
27 अगस्त	एलएलबी (पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड) - 11 से 12.30 बजे
27 अगस्त	बीबीए - 3 से 4.30 बजे
28 अगस्त	बीकाम - 11 से 12.30 बजे
28 अगस्त	बीकाम आनर्स - 3 से 4.30 बजे

कॉलेज भी बनेंगे केंद्र

प्रवेश समन्वयक ने बताया कि आवेदन की संख्या के आधार पर केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर के साथ-साथ कालेजों को भी केंद्र बनाया जाएगा। सभी केंद्र लखनऊ में ही रहेंगे। उन्होंने बताया कि बीएनवाइएस, बीवोक, शास्त्री व बीए-बीएससी योग पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

लविवि से प्रेरित होकर कार्य करें सभी विश्वविद्यालय

अमृत विचार ब्यूरो

लखनऊ। अभी हाल ही में लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक की ए डबल प्लस ग्रेडिंग मिली, जिसके लिए इस विश्वविद्यालय के सभी जिम्मेदार लोग बधाई के पात्र हैं। प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों को भी लखनऊ विश्वविद्यालय से प्रेरित होकर कार्य करना चाहिए ताकि उन्हें भी ए डबल प्लस की ग्रेडिंग मिल सके। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने यह अपील रविवार को चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में संस्कारयुक्त शिक्षा को प्रोत्साहित करें। उच्च शिक्षा मंत्री ने चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में भौतिकी विभाग की प्रयोगशाला, वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रयोगशाला में भवन विस्तार और शारीरिक शिक्षा विभाग में जिम का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला, प्रतिकुलपति प्रो. वाई विमला, कुलसचिव धीरेन्द्र कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. भूपेन्द्र सिंह, कुलानुशासक प्रो. वीरपाल सिंह सहित समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष व छात्र, छात्रा उपस्थित रहे।

नसीहत

- उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने दिया सुझाव
- विश्वविद्यालय अपने यहां संस्कारयुक्त शिक्षा को करें प्रोत्साहित

विभिन्न भवनों के लोकार्पण के अवसर पर की।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र, छात्राओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत उसे निखारने की है। इसलिए सभी विश्वविद्यालय अपने यहां छात्र व देश हित में गुणवत्तापूर्ण शोध, कौशल तथा रोजगार परक

HT PAGE 3

LU UG entrance test from Aug 22

LUCKNOW : Lucknow University has declared the tentative dates for the entrance examination to the undergraduate classes in the session 2022-23. The examination will be conducted from August 22 to 28. Candidates can check the university website for a detailed schedule. The university has also extended the last date for submission of online admission forms for undergraduate, diplomas, and postgraduate courses till August 12, said university spokesperson, Durgesh Srivastava.

TOI PAGE 3

LU to hold entrance test of UG courses from Aug 22-31

Candidates May Download Admit Cards From Aug 18

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The Lucknow University is likely to conduct entrance tests for admission to its undergraduate professional and non-professional courses by the end of August.

LU announced a tentative entrance test schedule on Sunday declaring that all entrance tests are likely to be held between August 22 and August 31.

The entrance tests will begin with BSc (Agriculture) from 11am to 12.30pm on August 22 followed by entrance examinations of BJMC, BVA/BFA, BElEd, BSc (biology), DPharma, BA, BCA, BSc (mathematics), LLB (5-year integrated) BBA, BCom and BCom (Hons).

"Candidates can download the admit card from August 18. All entrance tests will be held at Lucknow. The dates of entrance exams of BVoc, Shastri and BA/BSc (Yoga) will be announced later," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

He said the candidates would have to answer 100 multiple choice questions in the 90-minute test. Each question will be of two marks and there will be no negative marking. The questions asked in the entrance test will be based on the syllabus of intermediate. Information about topics from which questions will be asked has been mentioned in the prospectus.

LU began its admission process for its UG courses on April 2 and the last date to apply for various UG courses is August 12.

> **Candidates will have to answer 100 multiple choice questions in the 90-minute test. Each question will be of two marks and there will be no negative marking**

MISSION ADMISSION
BENNETT UNIVERSITY
TIMES OF INDIA GROUP